बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-533
**12/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

पटना, 12 अक्टूबर 2023 :– महान समाजवादी नेता स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि के अवसर पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर कंकड़बाग के लोहिया नगर स्थित लोहिया उद्यान में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी को नमन कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन, बिहार गीत एवं भजन कीर्तन का गायन किया।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। पत्रकारों द्वारा बक्सर रेल हादसे को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही दुःखद है। जैसे ही मुझे इस हादसे के बारे में पता चला मैंने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। रात में सारे अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत का कार्य शुरू हुआ। चार लोगों की मौत हुई है। एक मृतक का संबंध बिहार से है। हम सबलोगों को मदद करनेवाले हैं। मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये दिए जाएंगे। केंद्र सरकार को भी यह देखना चाहिए। जैसे ही मुझे पता चला मैंने सारे अधिकारियों को रात में ही मौके पर भेजा और स्थिति की पूरी जानकारी ली। आपदा प्रबंधन कार्यालय भी रातभर खुला हुआ था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में केंद्र सरकार में मैं रेल मंत्री था उस दौरान मैंने रेलवे में एक–एक काम बढ़िया से करवाया था जिसकी वजह से रेल हादसों में काफी कमी आई थी, उनलोगों को भी इसपर ध्यान देना चाहिए।

******